// उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय
132ए, सिविल लाइन्स, इटावा
निरार पक्का तालाब चौराहा

फोन नं0 ☎ 05688-796776
E-mail ID-
eeetwupjnrural@gmail.com

पत्रांक 4236 / W23 / 60 दिनांक 05-09/2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
इटावा।

विषयः-- डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 02.09.2026 को प्रकाशित ई-समाचार ''नवादा खुर्द कलां में जल जीवन मिशन की टंकी बंद : 6.47 करोड़ खर्च के बाद भी नगला कुशल, फतेह, धुबियाई में लोग परेशान'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 02.09.2026 को प्रकाशित ई-समाचार ''नवादा खुर्द कलां में जल जीवन मिशन की टंकी बंद: 6.47 करोड़ खर्च के बाद भी नगला कुशल, फतेह, धुबियाई में लोग परेशान'' खबर प्रकाशित की आख्या मांगी गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ई-समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड महेवा के ग्राम नवादा खुर्द कलां में जल जीवन मिशन फेज--3 कार्यक्रम से आच्छादित है। योजना से नवादा खुर्द कला एवं लवेदी ग्राम पंचायतों में पेयजल आपूर्ति की जानी है। उक्त योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय(375किली0/24मी0) पूर्ण, 2 नग टयूबवेल पूर्ण, बाउण्ड्रीवाल का फिनिशिंग का कार्य शेष है, पम्प हाउस 1 नग पूर्ण, अवशेष 1 नग प्लिन्थ लेवल तक निर्मित है। प्रस्तावित पाइपलाइन 26.869 किमी0 के सापेक्ष 25.071 किमी0 बिछाई जा चुकी है। उक्त योजना के अन्तर्गत ग्राम में मोलिंग विधि से पेयजल पाइपलाइन बिछाये जाने का कार्य किया गया है, पेयजल पाइपलाइन/कनेक्शन हेतु खोदे गये गड्ढो को मोटरेबुल करा दिया गया है एवं वर्तमान में ग्रामीणों के अवागमन में कोई असुविधा नहीं हो रही है। लगभग 1.5 वर्ष से धनाभाव के कारण कार्य की प्रगति धीमी रही, कार्यदाई फर्म द्वारा पुनः कार्य प्रारम्भ कराया जा रहा है। मजरा नगला कुशल और धुबियाई में पाइपलाइन ज्वाइटिंग/टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है एवं नगला फतेह में ग्रामवासियों द्वारा निजी भूमि में रास्ता बताकर पाइपलाइन बिछाने में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है, जिस कारण ग्राम को जोड़ने के लिये पाइपलाइन बिछाने का कार्य बाधित है, जिस हेतु प्रयास किया जा रहा है। योजना से आंशिक पेयजलापूर्ति की जा रही है। योजना को पूर्ण करने की निर्धारित अवधि दिसम्बर 2027 है, निर्धारित समय सीमा में योजना से जलापूर्ति सुचारू कर दी जायेगी।

आख्या महोदय की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(के0के0 प्रजापति)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांकः- तदैव।


प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी महोदय, इटावा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता



Google
Nawada Khurd Kalan, Uttar Pradesh, India

Nawada Khurd Kalan, Uttar Pradesh, India
M32m+3rq, Nawada Khurd Kalan, Uttar Pradesh 206127, India
Lat 26.650507° Long 79.083799°
Saturday, 05/09/2026 05:39 PM GMT +05:30




Google
Nawada Khurd Kalan, Uttar Pradesh, India




Google
Nawada Khurd Kalan, Uttar Pradesh, India